4382300

| ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ : Registration No. : | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

A1 – 2024

| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ / Subject Code | 03 (NS) |
|---|---|

# ಹಿಂದಿ / HINDI

[ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷಗಳು] [ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 36] [ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80]

[Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of questions : 36] [Max. Marks : 80]

*सूचना :*

1. *सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।*
2. *प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।*
3. *मुख्य प्रश्न संख्या (I) के प्रश्नों के पहले लिखे गए उत्तरों को ही मूल्यांकन में गणना की जाएगी।*

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : **(10 × 1 = 10)**

1) सुजान के बड़े बेटे का नाम है –

i) भोला ii) रोहन

iii) सूरज iv) चाँद

2) माँ विराज रही थी –

i) दुकान में ii) मकान में

iii) मंदिर में iv) बाजार में

3) शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि है –

i) 15 अगस्त 1948 ii) 15 अगस्त 1947

iii) 15 अगस्त 1949 iv) 15 अगस्त 1950

P.T.O.

Scanned with OKEN Scanner

4) 'चीफ की दावत' इनके घर पर थी –

i) सुजान
ii) भोलाराम
iii) शंकर
iv) शामनाथ

5) 'पानी' के लिए जापानी भाषा में यह शब्द है –

i) इय
ii) हाय
iii) मिजु
iv) ऊकी

6) अंतर की बात जाननेवाले हैं –

i) राम
ii) कृष्ण
iii) गोपिकाएँ
iv) उद्धव

7) माँ और बेटी एक दूसरे के लिए बनते हैं –

i) बंधन
ii) मित्र
iii) गहने
iv) रंगीन कपडे

8) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को इसने सींचा है –

i) दुर्बलता
ii) प्रतिहिंसा
iii) कायरता
iv) मानवता

9) छोटी बहू का नाम है –

i) बेला
ii) पारो
iii) इन्दु
iv) रजवा

10) उन्नति में बाधक है –

i) करूणा
ii) अहंकार
iii) ममता
iv) समानता

Scanned with OKEN Scanner

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए : (5 × 1 = 5)

(के लिए, के, ने, में, का, को)

11) i) माँ ____________ बेटे को समझाया।

ii) वीरों ने देश ____________ प्राणों की आहूति दी।

iii) कुत्ते ____________ पिल्ला बड़ा प्यारा है।

iv) हम लोग बगीचे ____________ घूमेंगे।

v) महिलाओं ____________ सम्मान देना चाहिए।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : (5 × 1 = 5)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12) i) | कमर कसना | 1) | काम बिगड जाना |
| ii) | कलेजा फटना | 2) | भाग जाना |
| iii) | गुड-गोबर होना | 3) | असहनीय दु:ख होना |
| iv) | नौ दो ग्यारह होना | 4) | प्यार करना |
| v) | तेली का बैल होना | 5) | तैयार होना |
| | | 6) | बहुत परिश्रम करना |

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

13) सुजान भगत पेड के नीचे बैठकर क्या सोचता है?

14) मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए।

15) विश्वेश्वरय्या की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देख कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे?

16) शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे?

Scanned with OKEN Scanner

आ) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : (2 × 3 = 6)

17) 'इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करें'।

18) 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती हैं'।

19) 'इन पाँच दिनों में मैंने सारा ब्रह्माण्ड छान ड़ाला, पर उसका कहीं पता नहीं चला'।

20) 'यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे'।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

21) बिहारी ने सब वेद और स्मृतियों के बारे में क्या कहा है?

22) जीवन की सार्थकता किसमें है?

23) कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है?

आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : (2 × 4 = 8)

24) i) रैदास श्रम करि खाइहि,
जो लौ पार बसाय।
नेक कमाई जऊ करइ,
कबहुँ न निहफल जाय।।

अथवा

ii) निज कर क्रिया रहीम कहि, सुधि भावी के हाथ।
पाँसे अपने हाथ में, दाँव न अपने हाथ।।

Scanned with OKEN Scanner

25) i) दर असल शुरु से ही था हमारे अंदेशों में
कहीं एक जानी दुश्मन
कि घर को बचाना है लुटेरों से।
शहर को बचाना है नादिरों से
देश को बचाना है, देश के दुश्मनों से।

अथवा

ii) क्रीड़ास्थली प्रकृति की कर्नाटक गौरव की गाथा है
भारत का सौभाग्य, विश्व भर का यह उन्नत माथा है।।
टीपू से सुलतान, विश्व ने जिनकी शक्ति मानी है।
रानी चेन्नम्मा के बलिदानों की एक कहानी है।।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 5 = 10)

26) बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती है?

अथवा

27) दादाजी की क्या आकांक्षा थी?

28) भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

29) प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : (3)

30) कोई कहा कि सुमन अच्छी गाती है। इसलिए सुमन को भाई ने एक हजार रुपया दिए।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : (2)

31) i) सरला गाना गाती थी। (वर्तमान काल में बदलिए)

ii) किरण खाना पकाती है। (भविष्यत् काल में बदलिए)

Scanned with OKEN Scanner

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : (2)

32) i) संयोजिका

ii) दास

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : (2)

33) i) मांस खानेवाला

ii) जल में रहनेवाला

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5)

34) मित्रता अनमोल धन है। इसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है। हीरे-मोती या सोने-चाँदी से भी नहीं। मैत्री की महिमा बहुत बड़ी है। सच्चा मित्र सुख और दुख में समान भाव से मैत्री निभाता है। जो केवल सुख में साथ होता है, उसे सच्चा मित्र नहीं कहा जा सकता। साथ-साथ खाना-पीना, सैर-पिकनिक का आनंद लेना सच्ची मित्रता का लक्षण नहीं। सच्ची मित्रता की बस एक पहचान है और वह है विचारों की एकता। विचारों की एकता ही इसे दिनोंदिन प्रगाढ़ करती है। सच्चा मित्र बड़ा महत्वपूर्ण होता है। जहाँ चाह न लगे, वही बाँह बढ़ाकर उबार लेता है। मित्रता करना तो आसान है, लेकिन निभाना बहुत ही मुश्किल। आज मित्रता का दुरुपयोग होने लगा है। लोग अपने सीमित स्वार्थों की पूर्ति के लिए मित्रता का ढोंग रचते हैं। मित्रता जीवन का सर्वश्रेष्ठ अनुभव है। यह एक ऐसा मोती है, जिसे गहरे सागर में डूबकर ही पाया जा सकता है। मित्रता की कीमत केवल मित्रता ही है। सच्ची मित्रता जीवन का वरदान है। सच्चा मित्र मनुष्य की सोई किस्मत को जगा सकता है और भटके को सही राह दिखा सकता है।

प्रश्न :

i) कौन सुख और दु:ख में समान भाव से मैत्री निभाता है?

ii) मित्रता की क्या पहचान है?

iii) क्या मित्रता निभाना आसान है?

iv) मित्रता की कीमत क्या है?

v) सच्चा मित्र किसको सही राह दिखा सकता है?

Scanned with OKEN Scanner

आ) 35) कबीर नौकरी के लिए विदेश जाना चाहता है। माता इसका विरोध करती है। वह नहीं चाहती कि अपना बेटा विदेश में जाकर नौकरी करे। माँ को बेटा समझाता है कि वह विदेश हमेशा के लिए नहीं जा रहा है। कुछ सालों बाद वापिस आकर हमेशा के लिए भारत में ही रहेगा। फिर भी माता सुनने के लिए तैयार नहीं है। कबीर के पिताजी एक सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारी है। कबीर की बहन मीना चाहती है कि भाई विदेश में नौकरी करें। मीना खुद बेंगलुरू में नौकरी कर रही है। कल्पना कीजिए कि आप मीना हैं। उपर्युक्त बिंदुओं के आधार पर अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए। **(5)**

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(5)**

36) i) ದಿನಗಳೆದಂತೆ ನಿರುದ್ಯೋಗ ಸಮಸ್ಯೆ ಉಲ್ಬಣಗೊಳ್ಳುತ್ತಿದೆ.

The problem of unemployment is increasing day by day.

ii) ನಾವು ಭಾರತ ದೇಶದ ಪ್ರಜೆಗಳು.

We are citizens of India.

iii) ನಾವು ಒಗ್ಗಟ್ಟಾಗಿ ಬಾಳಬೇಕು.

We should live unitedly.

iv) ನಾಳೆಯು ತಿಂಗಳ ಕೊನೆಯ ದಿನವಾಗಿದೆ.

Tomorrow is the last day of the month.

v) ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಹಲವಾರು ನದಿಗಳಿವೆ.

There are many rivers in India.

Scanned with OKEN Scanner